# नौरंगदेसर में 1.60 करोड़ की राशि से बनेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने नौरंगदेसर में बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शिलान्यास किया। इस भवन के निर्माण पर एक करोड़ 60 लाख रूपए व्यय किए जायेंगे।

इस अवसर पर गोदारा ने कहा कि चिकित्सा की अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के नागरिकों के लिए चिकित्सा सुविधाओं में आमूलचूल सुधार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नौरंगदेसर में सभी सुविधाओं से युक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाया जायेगा। यहां नॉर्म्स के अनुसार सभी सुविधाएं होंगी। यह आसपास के क्षेत्र के मरीजों के लिए लाभदायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे पर होने के कारण किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में घायलों को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी। उन्होंने कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

गोदारा ने कहा कि विकसित लूणकरनसर, शिक्षित लूणकरनसर' की परिकल्पना को साकार करने में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी। क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का



नौरंगदेसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन के शिलान्यास समारोह को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने संबोधित किया।

क्रमशः सुधार किया जा रहा है। प्रदेश की डबल इंजन की सरकार प्रत्येक प्रदेशवासी के हितों को ध्यान रखते हुए ऐतिहासिक निर्णय ले रही है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लूणकरनसर क्षेत्र को विकसित क्षेत्रों के बराबर लाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार स्तर पर नियमित पैरवी की जा रही है।

इससे पहले उन्होंने विधिवत भूमि पूजन किया और भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी और राज्य सरकार द्वारा किए गए नवाचारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण कार्य का नियमित फीडबैक लिया जायेगा। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मद्देनजर अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने हीटवेव मैनेजमेंट से जुड़े अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान लूणकरणसर पंचायत समिति प्रधान राजकुमार कसवां, चम्पालाल गेदर, रामनिवास खीचड़, पंचायत समिति सदस्य ख्यालीराम मुंड, सरपंच दीपाराम नायक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध, सहायक अभियंता पीके शर्मा, जुगल सिंह, गोपालराम नायक उप सरपंच, अखाराम गोदारा, सहीराम

- **नेशनल हाईवे पर होने के कारण किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में घायलों को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी**

कूकना, प्रल्हाद राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**पशुपालन मंत्री कल आयेंगे :** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत मंगलवार प्रातः 7 बजे जोधपुर से रवाना होकर प्रातः 10 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। कुमावत राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। वे सायं 4:30 बजे बीछवाल स्थित डेयरी महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण एवं पशुधन अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण करेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाऊस में करेंगे। कुमावत बुधवार प्रातः 9.30 बजे केसरदेसर जाटान के लिए रवाना होंगे। जहां प्रातः 10 बजे माहेश्वरी सेवा परिषद् की प्रथम स्वीकृत पुनर्निमित नंदीशाला के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## तलवार लेकर घूम रहे दो जने गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जवाहर नगर थाना पुलिस ने नंगी तलवार के साथ सार्वजनिक स्थान पर घूम रहे दो लोगों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है।

जवाहर नगर थाने के एएसआई गुरदीप सिंह ने शाम को संविधान चौक के नजदीक एक युवक को तलवार लहराते पकड़ा। आरोपी की पहचान नारायण निवासी प्रभु चौक, पुरानी आबादी के रूप में हुई है। उधर रात करीब साढ़े आठ बजे मौसम विभाग के पास हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश ने अशोकनगर निवासी अली को तलवार के साथ पकड़ा। वहीं महियांवाली स्थित जवाहर पीएम विद्यालय को दान में मिली भूमि पर अज्ञात लोगों द्वारा अवैध रूप से तारबंदी कर कब्जा करने का मामला चूनावढ़ थाने में दर्ज हुआ। स्कूल के प्राचार्य अजय कुमार ने इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच कर रहे एएसआई महेंद्र सिंह की ओर से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रथमदृष्टया मामला कब्जे से संबंधित नहीं लग रहा है। जांच के बाद ही सभी तथ्य सामने आ पायेंगे। हालांकि दान में मिली जमीन को लेकर अदालत में मामला लंबित बताया जा रहा है। चूनावढ़ थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में गांव 6 जी फर्स्ट और 21 जीजी में अज्ञात चोरों ने मध्य रात्रि को खेत में ट्यूबवैल और सोलर मोटरों से तांबे की तारें काटकर चुरा लीं।

## सार-समाचार

### आत्मरक्षा के गुर सिखाये



रामस्वरूप जाखड़ मेमोरियल ट्रस्ट व वी ए मार्शल आर्ट अकादमी ने बच्चों व महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया।

**बीकानेर,** (कासं)। पवन पुरी साउथ में स्व. इंजीनियर रामस्वरूप जाखड़ मेमोरियल ट्रस्ट व वी ए मार्शल आर्ट अकादमी के संयुक्त रूप मे महिलाओं व बालिकाओं के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 से अधिक बच्चे व महिलाएं शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत समाजसेवी डॉ. अर्पिता गुप्ता द्वारा ईश वंदन के साथ की गई। डॉ. गुप्ता ने कहा आत्मरक्षा कार्यक्रम एक ऐसा प्रशिक्षण है जो लड़कियों को अपनी रक्षा करने के लिए जरूरी कौशल सिखाता है। यह कार्यक्रम लड़कियों को अपने आसपास के माहौल के बारे में जागरूक बनाता है और उन्हें किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार करता है। सेंसई विवेक अग्रवाल, निदेशक वी ए मार्शल आर्ट एकेडमी द्वारा बच्चों व महिलाओं को माक्स आफ- आन, राइडिंग हॉर्स, फाइटिंग पोजीशन के साथ वार्म अप, नेक रोटेशन, हैण्ड रोटेशन, स्ट्रेचिंग, शोल्डर रोटेशन आदि गतिविधियां कराई गई। इस कार्यशाला के संयोजक विक्रम स्वरूप जाखड़, डॉ. अजय चौधरी ने बच्चों व महिलाओं को शिविर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ साइबर क्राइम व उनसे बचने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहयोगी आशीष गर्ग ने बताया कि हमारा इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों व महिलाओं को आत्मरक्षा के महत्व को समझाना और आत्म-सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में फोटोग्राफर राम शर्मा, व्हाई ए आई टीम के सदस्य मुस्कान खुशी संजना अंशुमान, वैभव, युवराज, जयंत, स्नेहा शर्मा, सृष्टि आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मासखमण तप अभिनंदन समारोह



सुरेन्द्र कुमार भूरा का 31 दिवसीय तपस्या पूर्ण करने पर मासखमण तप अभिनंदन करते मुनि कमल कुमार।

**बीकानेर,** ( कासं)। जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा, गंगाशहर के तत्वावधान में बोथरा भवन, गंगाशहर में मासखमण तप अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन आचार्य महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती, उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार भूरा की 31 दिवसीय तपस्या पूर्ण हुई। तप की अनुमोदना करते हुए मुनि कमल कुमार ने कहा कि तपस्या केवल उच्च मनोबल से ही संभव है। यह आत्मा को मोक्ष की ओर अग्रसर करती है और पापकर्मों को क्षीण करती है। तपस्या न तो किसी से प्रतिस्पर्धा का विषय है, न ही यह किसी की देखा-देखी की जा सकती है। मुनि ने आगे कहा कि सुरेंद्र भूरा का परिवार समय-समय पर तपस्या में लीन रहता है। वे तपोमूर्ति साध्वी ईला कुमारी जी के सहोदर भाई हैं। मुनि ने बताया कि सुरेंद्र ने पूर्व में संकल्प लिया था कि आपके प्रवास काल में एक बड़ी तपस्या करूँगा, जिसे आज उन्होंने पूर्ण कर धर्मसंघ की गरिमा और गौरव को बढ़ाया है। साथ ही उन्होंने आत्म कल्याण के मार्ग में एक महत्वपूर्ण कदम भी बढ़ाया है। मुनि ने सुरेंद्र को वैराग्य भावना को प्रबल करते हुए दीक्षा लेने का संकल्प करने का सुझाव भी दिया।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला मुख्यालय पर यू ट्यूबर की बाइक को राइड के बहाने चोरी करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने हरियाणा के ऐलनाबाद कस्बे से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान हरीश उर्फ मानिया निवासी ऐलनाबाद के तौर पर हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि हरीश ने कई चोरियां की हैं। खास बात यह है कि श्रीगंगानगर में हरीश का ननिहाल है। यहां वह अक्सर आता रहता था और मौका देखकर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल की। हालांकि चोरी की गई बाइक घटना के कुछ दिन बाद ही ऐलनाबाद में लावारिस हालत में मिल गई थी। बाइक चोरी के मामले की जांच कर रहे हैड कांस्टेबल कृष्ण कुमार ने बताया कि आरोपी हरीश ने श्रीगंगानगर में पुरानी आबादी की एक दुकान और सिंधी मंदिर में दानपात्र की चोरी कबूली है। यू ट्यूबर की बाइक चोरी करते समय जो मोटरसाइकिल पीडित के पास छोड़ी थी, वह भी नोहर से चुराई गई थी।

### क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर 18 से

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला क्रिकेट संघ श्रीगंगानगर के तत्वावधान में 15 दिवसीय निःशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर 18 अप्रेल से रिद्धि-सिद्धि क्रिकेट अकादमी रिद्धि-सिद्धि द्वितीय में आयोजित किया जायेगा। शिविर में अंडर 14,15,16,19 वर्ष के महिला-पुरुष दोनों वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर जिला क्रिकेट संघ श्रीगंगानगर द्वारा निःशुल्क होगा, सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायेगी।

# आईपीएल सट्टेबाजी और ताश पर जुआ खेलते 12 गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में जुआ-सट्टा जैसे अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाही करते हुए आईपीएल पर सट्टा लगाते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं एक अन्य कार्यवाही में ताश पर जुआ खेलते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों कार्यवाहियों में कुल 2,22,254 नकद राशि, एलईडी, लैपटॉप, टैबलेट, हिसाब की कॉपियाँ और चार मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

महानिरीक्षक पुलिस एवं जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत डीएसटी प्रथम टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया है। पुलिस थाना सादुलशहर के उप निरीक्षक जगदीश प्रसाद व डीएसटी टीम ने एक रिसोर्ट में छापेमारी करते हुए तीन सट्टा बुकी चलाने वाले युवकों को दबोचा

- **2.22 लाख से अधिक नकदी, लैपटॉप, मोबाइल व अन्य सामान बरामद**

जिसमें रितेश गर्ग पुत्र मदनलाल (28) निवासी वार्ड नं. 7 सादुलशहर, बजरंग लाल पुत्र मदनलाल (43) निवासी वार्ड नं. 4, पदमपुर, धर्मपाल पुत्र मोहनदास (40) निवासी वार्ड नं. 43, अग्रसेन चौक जवाहरनगर, श्रीगंगानगर को आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से ?24,254 नकद, एलईडी टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, हिसाब-किताब की कॉपियां और चार मोबाइल फोन बरामद किए। इन आरोपियों के खिलाफ धारा 3/4 आरपीजीओ, 112 बीएनएस व आईटी एक्ट के तहत पुलिस थाना सादुलशहर में मामला दर्ज किया गया है।

डीएसटी टीम ने इसी सादुलशहर थाना इलाके में दूसरी कार्यवाही को अंजाम देते हुए 9 जुआरी को दबोचा है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी अजय कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी चक 3, श्रीगंगानगर, सुरेश कुमार पुत्र कृष्णलाल, वार्ड नं. 5 सादुलशहर, रामकृपाल पुत्र फुसाराम , चमारखेड़ा, सादुलशहर, अमरचन्द पुत्र आत्माराम वार्ड नं. 19, सादुलशहर, ओमप्रकाश पुत्र जगमालराम , वार्ड नं. 6, सादुलशहर, कुलदीप कुमार पुत्र शीशपाल , वार्ड नं. 2 इन्द्रपुरा, संगरिया, हनुमानगढ़, देवेन्द्र कुमार पुत्र नत्थुराम, धोलीपाल, थाना सदर, हनुमानगढ़, भजनलाल पुत्र कृष्णलाल, इन्द्रपुरा, संगरिया, शंकरलाल पुत्र राजकुमार, वार्ड नं. 21, सादुलशहर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1,98,000 नकद राशि बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आरपीजीओ के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में जिला विशेष टीम श्रीगंगानगर के प्रभारी रामविलास उनि., सुरेन्द्र ज्याणी सउनि., प्रमोद कुमार कानि., कालूराम, निर्मल गोदारा शामिल थे।

## संयम और सेवा का दिया संदेश

**नोखा,** (कासं)। नोखा स्थित तेरापंथ भवन में एक महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शासन गौरव साध्वी श्री राजीमती के दर्शन हेतु मुमुक्षु बैरागी बहन सुश्री मनिषा आई।

साध्वी श्री राजीमती ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में संयम के मार्ग पर चलने और संघ की सेवा में समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने देवी, गुरु और धर्म के प्रति समर्पण की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में साध्वी श्री प्रभातप्रभा एवं साध्वी श्री मनोज्ञप्रभा जी ने भी अपने विचारों की अभिव्यक्ति की। महिला मंडल नोखा की ओर से भावपूर्ण गीतिका के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया गया। मुमुक्षु मनिषा ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में श्रावक-श्राविकाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस आयोजन में ज्ञानशाला के परामर्शक महावीर नाहटा एवं सुशील भूरा के साथ-साथ महिला मंडल की अध्यक्ष सुमन मरोठी, मंत्री प्रीति मरोठी, पुष्पा देवी पारख, दुर्गा देवी लुणिया, बसंती देवी घीया, प्रेम देवी बैद, नीलम पुगलिया, चंदा देवी बैद, चंचला देवी बैद, सुमन मालू शामिल थी।

# नहरबंदी में जल संकट से निपटने की तैयारी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गर्मियों की दस्तक के साथ ही नहरबंदी के चलते श्रीगंगानगर जिले में पेयजल संकट की आशंका को ध्यान में रखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जिले में जल आपूर्ति व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए बड़ा कदम उठाया है। ऐसे में जलदाय विभाग द्वारा जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जहां उपभोक्ता दिन-रात किसी भी समय अपनी जल संकट से संबंधी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे।

नियंत्रण कक्ष का संपर्क नंबर: 0154-2445031 इसके अलावा उपभोक्ता अपने क्षेत्र के संबंधित सहायक अभियंता के मोबाइल नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं ताकि समस्या का जल्द समाधान किया जा सके। अधीक्षण अभियंता विजय कुमार शर्मा ने बताया कि जल आपूर्ति को व्यवस्थित बनाए रखने और किसी भी प्रकार की परेशानी से निपटने के लिए हर उपखण्ड स्तर पर अलग-अलग अभियंताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इससे न केवल शिकायतों का तुरंत समाधान हो सकेगा बल्कि जल संकट की

- **गर्मी ने दी दस्तक, नहरबंदी को लेकर जल संकट से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित**
- **उपखण्ड स्तर पर अलग-अलग भयंताओं को जिम्मेदारी सौंपी**

स्थिति को भी टाला जा सकेगा।

विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि जल आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो तो तुरंत नियंत्रण कक्ष या संबंधित अभियंता से संपर्क करें। इस पहल का उद्देश्य जिले में जल संकट को टालना और नागरिकों को राहत प्रदान करना है। जिले में नहरबंदी और बढ़ती गर्मी के कारण जल स्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में जल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तमाम तैयारियां शुरू कर दी है।

# आग लगने से 6 बीघा गेहूं की जलकर राख

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की पीलीबंगा तहसील में किसान की मेहनत पर पानी फिर गया। ग्राम पंचायत 6 एसजीआर भागसर के चक 12 एसटीबी (ए) में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। इस हादसे में 6 बीघा फसल जलकर राख हो गई।

आग लगने की सूचना मिलते ही आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तेज हवा के कारण आग को काबू करना मुश्किल हो रहा था। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान ने कहा कि इस आग से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग की है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। शॉर्ट सर्किट या

- **पीलीबंगा तहसील में ग्राम पंचायत 6 एसजीआर भागसर के चक 12 एसटीबी (ए) में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगी**

मानवीय भूल से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। किसान हंसराज भांभू ने 4 बीघा जमीन ठेके पर कास्त कर रहा था। वहीं दो बीघा भूमि अन्य किसान की थी, जिसमें गेंहू पककर तैयार खड़ी थी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं।

## अम्बेडकर सर्किल पर की सफाई

**बीकानेर,** (कासं)। भाजपा शहर जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ की अगुवाईआज भाजपा नेताओं ने अम्बेडकर सर्किल पर स्वच्छता अभियान चलाया।

शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने बताया आज सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती से पूर्व अम्बेडकर सर्किल पर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें बाबा साहेब की मूर्ति की सफाई की ओर पूरे प्रांगण को स्वच्छ जल से धोकर साफ किया। इस सफाई अभियान में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर, जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक विजय उपाध्याय, राजाराम सींगड़, जितेंद्र गहलोत, जितेंद्र राजवी, मंडल अध्यक्ष देवरूप सिंह, प्रकाश मेघवाल, सुनीता हटीला आदि शामिल थे।

# सूरतगढ़ नई अनाज मंडी में जिंसों की रिकॉर्ड आवक

**सूरतगढ़,** (कासं)। नई अनाज मंडी में जिंसों की रिकॉर्ड आवक के चलते बोली को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। मंडी में सरकारी खरीद और बाजार भाव पर बिके अनाज के बैगों का उठाव तेजी से जारी रहा।

आज भी बोली बंद रहेगी, लेकिन बैगों का उठाव निर्बाध गति से चलता रहेगा। मंडी परिसर जिंसों की ढेरियों और भरे बैगों से पूरी तरह अटा पड़ा है, जिससे किसानों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कृषि उपज मंडी समिति के सचिव विकास सहारण ने एक दिन पहले व्यापार मंडल अध्यक्ष को पत्र भेजकर बोली स्थगित करने और सप्ताहांत में बैगों के शीघ्र उठाव पर जोर देने का निर्देश दिया। इस

- **बोली स्थगित कर बैग उठाव पर दिया जा रहा जोर**

निर्णय का उद्देश्य मंडी में व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखना और किसानों को जिंसों की ढेरियां लगाने में सुविधा प्रदान करना था। मंडी प्रशासन और व्यापारियों की संयुक्त कोशिशों से व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सोनी ने बताया कि वर्तमान में मंडी में व्यापारियों द्वारा खरीदी गई जिंसों के लगभग 60 हजार बैग जमा हैं। इनमें से 35 हजार बैगों का उठाव दो दिनों में होने की संभावना है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे सोमवार से ही जिंसें मंडी में लेकर आएं, जिससे रविवार को मंडी में जिंसों की आवक नहीं होगी। सोनी ने बताया कि प्राथमिकता मंडी को व्यवस्थित बनाए रखते हुए किसानों की सुविधा सुनिश्चित करना है। एफसीआई के क्यूआई शीशपाल सिंह तंवर ने बताया कि अब तक 48 हजार गेहूं के बैग सरकारी खरीद के तहत खरीदे जा चुके हैं, जिनमें से 44 हजार बैगों का उठाव हो चुका है। शेष बैगों का उठाव भी शीघ्र पूरा हो जायेगा। अब तक 2600 किसानों ने पंजीकरण कराया है और 110 किसानों को 6 करोड़ 18 लाख का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किया जा चुका है।

# विशला माता मंदिर में पूजा में जनसैलाब उमड़ा, भक्ति संक्रांति महोत्सव आज

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर तपागच्छ के श्रुत भास्कर वर्तमान गच्छाधिपति विजय धर्मधुरंधर सूरिश्वर के सानिध्य में रविवार को जैन समाज के कोचर गोत्र की कुलदेवी विशला माता के मंदिर में हुए पूजा, आरती व भक्ति कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ के सहयोग से श्री कोचर फ्रेंण्डस क्लब की ओर से आयोजित अनुष्ठान में बीकानेर के साथ बाहर से आए बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने हिस्सा लिया। कोचरों के चौक के मणिभद्रजी के मंदिर में सुबह हवन किया गया। जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ के अध्यक्ष रिखब सिरोहिया ने बताया कि जैनाचार्य विजय धर्मधुरंधर के नेतृत्व में रविवार को 'चलो मां विशला के धाम' करमीसर तक तक पदयात्रा निकाली गई। गाजे बाजे से निकली पद यात्रा में विशला माता के



जैन समाज के कोचर गोत्र की कुलदेवी विशला माता मंदिर में पूजा, आरती करते विजय धर्मधुरंधर सूरिश्वर महाराज।

जर्मन सिल्वर से बने रथ और जैनाचार्य के आगे ढोल व तासे बज रहे थे। श्रावक-श्राविकाएं देव, गुरु व धर्म तथा देवी विशला माता का जयकारा करते हुए चल रहे थे। श्रावक-श्राविकाओं को करमीसर से बीकानेर तक छोड़ने के लिए फैंण्डस क्लब ने वाहन की सुविधा सुलभ करवाई। समाजसेवी मुक्का भाईजी कोचर ने बच्चों को विभिन्न तरह के खेल खेलाएं

- **बाहर से आए बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने हिस्सा लिया**

तथा विशला माता के मंदिर के इतिहास की जानकारी दी। कार्यक्रम में नव तेरापंथ की साध्वीश्री उषा कुमारी व कुसुम रेखाजी आदि ठाणा भी शामिल हुई तथा जैनाचार्य से धर्मचर्चा की। संघ के मंत्री विजय कोचर ने बताया कि भक्ति कार्यक्रम में वरिष्ठ गायक मगन कोचर, रौनक, रोहित व ऋषभ कोचर, अजय सिंह और कोचर फ्रेंड्स क्लब के जितेंद्र कोचर ने करीब तीन घंटे तक विभिन्न राग व तर्ज में भक्ति गीत गाकर श्रावक-श्राविकाओं को बांधे रखा। कोचर ने बताया कि 14 अप्रैल को कोचरों के चौक में सुबह सवा नौ बजे संक्रांति महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

# सांसोलाब तालाब में झाडियों को हटा की सफाई

**बीकानेर,** (कासं)। टीम ऑफ ओवर नेशन, बीकानेर सेवा योजना के तहत आज जल है तो कल है अभियान के तहत सांसोलव तालाब में सफाई अभियान के तहत शहर के सामाजिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आमजन के साथ आज सफाई अभियान में भाग लिया।

अभियान के तहत सांसोलाव तालाब में सफाई अभियान चलाया। झाडियां और कचरा उठाया। बारिश के पानी की आवक के मार्ग को सुगम किया। इस अभियान में विभिन्न संगठनों समितियां ने टीम ओवर फॉर नेशन के साथ अनेक संस्थाएं कर्मचारी संगठन और राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने अभियान में भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर टीम से जुड़े सुधीश शर्मा ने बताया कि टीम पिछले दस वर्षों से हर रविवार को सफाई अभियान चलाकर शहर को साफ सुथरा रखने



टीम ऑफ ओवर नेशन ने सांसोलाब तालाब में सफाई अभियान चलाकर झाडियों को हटाया।

की अलख जगाए हुए है। आज अभियान के तहत सांसोलाव तालाब में पानी आवक के मार्ग को सुगम किया गया। टीम ऑवर फॉर नेशन की ओर से सुधीश शर्मा, वसीम रज़ा, सुशील यादव, सी बसंत, नवीन शर्मा, भवानी सिंह राजपुरोहित, गजेंद्र सरीन, गौतम, मानक व्यास, गुरमोहन, शनीला ख़ान, वंदना शर्मा, डॉ फारूक, सोनी शर्मा, मनोज सोनी शामिल थे। बीकानेर सेवा योजना से राजकुमार व्यास, वीरेंद्र राजपुरोहित, छोटू लाल मौजूद थे।